## महत्वपूर्ण एवं खास

### जवाहर नवोदय विद्यालयः कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का परिणाम घोषित

» 80 छात्र-छात्राओं का हुआ चयन

**रायगढ़।** जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर, रायगढ़ में सत्र 2021-22 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा विगत माह 11 अगस्त 2021 को रायगढ़ जिले के 50 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की गई थी। जिसका परीक्षा परिणाम सीबीएसई नई दिल्ली के द्वारा 28 सितम्बर को घोषित किया गया है। जिसमें रायगढ़ जिले के 80 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है।

### पेट और सिर दर्द से परेशान एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

**जशपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है की सर्फ मामूली पेट और सर दर्द से ग्रसित होने के कारण मौत हो गई है। लेकिन बीमारी के खतरनाक जकड़ना के कारण तीनों की जिंदगी बच नहीं सकी। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत एक साथ हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक मरने वालों में 14 -17 साल की दो लड़कियां हैं, जबकि एक 70 साल के बुजुर्ग की भी मौत हो गई है. दो दिन में तीन लोगों की मौत हुई है घटना नगर पंचायत पत्थलगांव के महुआ टिकरा मोहल्ले की है। मेडिकल टीम मौके पर पहुंची हुई है।

### गाज गिरने से 25 मवेशियों की हुई मौत

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के ग्राम गदापाल के राउतपारा में ग्रामीण अपने मवेशियों को चराने लेकर गए थे। गुलाब चक्रवाती तूफान के असर से हुए मौसम में बदलाव के बाद इस दौरान मवेशियों पर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे 25 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने तुरंत टीम को गांव जाने के निर्देश पर सोमवार सुबह पशु चिकित्सा विभाग और राजस्व टीम मौके पर पहुंची। तहसीलदार यशोदा केतारप ने बताया कि पटवारी द्वारा रिपोर्ट दी जाएगी। क्षति पर पशु मालिकों को मुआवजा जरूर मिलेगा।

### देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

» चेकिंग के दौरान तेलीबांधा पुलिस ने धर-दबोचा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के व्ही.आई पी रोड तेलीबांधा में पुलिस ने देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 27 सितंबर को उप निरीक्षक दिव्या शर्मा हम राह स्टाफ के साथ बदमाशो की तलाश एवं अड्डेबाजी चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान टाउन भ्रमण के जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति व्हीआईपी रोड लवकुश वाटिका के पास कारतुस भरा हुआ देशी कट्टा अपने कब्जे में रखा है। सूचना के आधार पर पुलिस मौके में पहुंच युवक को पकड़ा और उसके पास से एक देशी कट्टा एवं एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी हरीश कुमार पिता प्रकाश सेन 32 वर्ष निवासी लवकुश वाटिका व्हीआईपी रोड के खिलाफ धारा 25 आम्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# आदिवासी महिला को मिल रही धमकी, ब्याज की रकम देने के बाद भी हो रही परेशान

## पीड़ित ने अजाक थाने में की है लिखित शिकायत

**रायगढ़।** ब्याज में तिगुना से भी पैसा लेने के बाद भी हस्ताक्षरयुक्त चेक व स्टांप पेपर वापस नही करने से परेशान एक आदिवासी महिला ने सूदखोर महिला के खिलाफ अनुसूचित जाति कल्याण रायगढ़ थाने में एक लिखित शिकायत करते हुए इंसाफ की गुहार लगाई है। कोतरा रोड रामबाग के पीछे रहने वाली जानकी सिदार ने अपने लिखित आवेदन में अनुसचित जाति कल्याण थाने के प्रभारी को बताया है कि वह एक आदिवासी महिला है और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संबलपुरी में बतौर शासकीय कर्मचारी काम कर रही हैं। घर में पैसे की आवश्यकता पड़ने पर उसने अपनी सहेली अनिता सारथी के बताए अनुसार काजल सलूजा से परिचय कराने के बाद बतौर ब्याज 50 हजार रूपए की रकम ली थी और इस 50 हजार रकम के बदले काजल सलूजा ने जानकी से हस्ताक्षर किए हुए चेक व एक स्टांप भी लिया। बातचीत के दौरान काजल सलूजा ने पीड़ित जानकी सिदार को यह कहा था कि वह लायसेंस के माध्यम से ब्याज का व्यापार करती है और 20 प्रतिशत के हिसाब से उसे ली गई रकम वापस करनी पड़ेगी।

आदिवासी महिला ने बताया कि इस पूरे ब्याज के व्यापार में काजल सलूजा ने, सलूजा टायपिंग से स्टांप खरीदने के बाद लिखा पढ़ी करवाने की बात कही और 50 हजार के बदले प्रतिमाह 10 हजार रूपए ब्याज की शर्त रखी, इतनी छोटी राशि का 20 प्रतिशत ब्याज जानकी सिदार पर भारी पड़ रहा था। तब उसने बैंक से लोन लेकर काजल सलूजा को पैसे वापस कर दिए, और लोन के निकलते तक के समय का ब्याज भी दे दिया, जिसका पूरा विवरण बैंक में है। लोन के काम में तीन माह का समय लगा, और 50 हजार का ब्याज 30 हजार रूपए होने के बाद भी, काजल सलूजा ने 36 हजार रूपए की वसूली की और पूरी वसूली होने के बाद भी आज तक उसने न तो स्टांप पेपर वापस किया है और न ही सिगनेचर किये हुए चेक वापस किए हैं।

इस पूरी से आहत जानकी सिदार ने अजाक थाने में शिकायत करते हुए यह गुहार लगाई है कि बिना लायसेंस का ब्याज का व्यवसाय करने वाली काजल सलूजा उसके स्टांप पर दस लाख लिए हो लिखकर फंसा दूंगी, यह भी कहा है कि चेक लगा दूंगी, कोर्ट में केस लगा दूंगी, कहकर धमका रही है, जिसके चलते वह बीमार पड़ गई है और उसे यह डर है कि उस स्टांप के चलते उसकी सरकार नौकरी कहीं खतरे में न पड़ जाए।

इसलिए पूरी मामले की जांच करते हुए ब्याज का व्यवसाय चलाने वाली काजल सलूजा के उपर कार्रवाई करते हुए अपने सिगनेचर किये हुए चेक और स्टांप वापस करवाने की भी गुहार लगाई है, जिससे उसे न्याय मिल सके। बहरहाल इस शिकायत के बाद अजाक थाने में अपने स्तर पर जांच भी शुरू कर दी गई है।

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले 7 व्यक्ति पकड़ाए

» रायगढ़ वनमंडल की टीम ने की कार्यवाही

**रायगढ़।** रायगढ़ वनमण्डल के अंतर्गत दिनांक 27 सितम्बर 2021 को रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम चक्रधरपुर में विद्युत करेंट से जंगली सुअर शिकार की मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर रायगढ़ परिक्षेत्र के वन अमला की टीम गठित कर ग्राम चक्रधरपुर में पहुच कर पूछताछ किया गया। सूचना के आधार पर ड्रायवर बाड़ी में जांच किये जाने पर मौके पर जंगली सुअर की खून के धब्बे, बाल, मांस काटने का चिन्ह, मांस खाने के उपरांत हड्डी एवं नजदीक के कुएं में दो बोरी में जंगली सुवर के पेट की अतड़ी (पोटा), खूर, दांत की चमड़ी पाया गया। संदेह के आधार पर ग्राम चक्रधरपुर के त्रिलोचन माली, गिरधारी प्रधान पिता, कुष्टे पाव, बासु, जोगेन्द्र, कमल एवं विनोद सभी निवासी ग्राम चक्रधरपुर थाना चक्रधर नगर रायगढ़ ने जंगली सुअर को मारकर, पका कर खाने का अपराध स्वीकार किये जाने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 4637/15 दिनांक 27 सितम्बर 2021 दर्ज किया जाकर सातों अपराधियों को माननीय न्यायालय रायगढ़ के समक्ष उपस्थित कराकर जेल दाखिल कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। अपराधियों को पकड़ने हेतु वनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ एवं उपवनमण्डलाधिकारी, रायगढ़ के दिशा-निर्देश पर छोटेलाल डनसेना, प्रभारी वनपरिक्षेत्रा अधिकारी, रायगढ़ के साथ वनपाल ऋषिकेश्वर सिदार एवं मधुसूदन बरिहा, वनरक्षक सर्वश्री विजय ठाकुर, पालू साहू, शंकर लाल वारेन, संजय कुमार उरांव, भूषण जांगड़े की टीम द्वारा कार्यवाही किया गया।

# वाहन चालक प्रशिक्षण हेतु 16 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले 8 वीं उत्तीर्ण युवाओं को निःशुल्क वाहन प्रशिक्षण प्रदाय करने हेतु 16 अक्टूबर 2021 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं कार्यालयीन समय में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है।

ज्ञात है कि अनुसूचित जाति के लिए निर्धारित लक्ष्य 50 पद तथा अनुसूचित जनजाति के लिए निर्धारित लक्ष्य 100 कुल 150 अभ्यर्थी के लिए निःशुल्क वाहन प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया जाना है। प्रशिक्षण की अवधि 6 माह होगी। प्रशिक्षणार्थियों के आवास की व्यवस्था विभाग द्वारा छात्रगृह योजना की भांति की जाएगी। भोजन व्यवस्था हेतु 500 रुपये प्रतिमाह शिष्यवृत्ति दी जाएगी। वाहन चालक प्रशिक्षण के साथ-साथ वाहन मैकेनिक का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों को वाहन चालक का व्यवसायिक लायसेंस हेतु निर्धारित शासकीय शुल्क विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

अभ्यर्थियों का चयन 8 वीं के परीक्षाफल मेरिट सूची के आधार पर किया जाएगा। आवेदक गरीबी रेखा के नीचे शासन द्वारा जारी गरीबी रेखा की सूची वर्ष 2002 शामिल परिवार में होना चाहिए। अभ्यर्थियों को छ.ग.राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। अभ्यर्थी की आयु प्रशिक्षण वर्ष के 01 अक्टूबर 2021 को 18 से 35 वर्ष के मध्य होना चाहिए।

# विडियो कॉल के माध्यम से कलेक्टर ने की विद्यार्थियों से चर्चा

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में संचालित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र के विद्यार्थियों से ऑनलाईन विडियो कॉल के माध्यम से प्राप्त सुविधाओं की जानकारी ली। छत्तीसगढ़ के पूर्वांचल में स्थित रायगढ़ आदिवासी बाहुल्य जिला भी है। जिले के युवाओं, विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु समुचित व्यवस्था, प्रतिस्पर्धा वातावरण एवं रोजगार के स्वर्णिम अवसरों का पूर्व लाभ उठाने हेतु बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के आठ विकासखण्डों में मुख्यमंत्री युवा केन्द्र स्थापित किए जा रहे है।

मुख्यमंत्री युवा केन्द्र युवाओं के लिए अत्यंत विषय संबंद्ध योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जिले के चार विकासखण्ड खरसिया, लैलूंगा, तमनार तथा धरमजयगढ़ में केन्द्र स्थापना हेतु तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। शेष चार विकासखण्डों में तैयारी जारी है। सभी विकासखण्डों में प्रस्तावित मुख्यमंत्री युवा केन्द्रों में अध्ययन हेतु उत्तम बैठक व्यवस्था, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तकें, प्रतियोगिता पत्रिकाएं, समाचार पत्र आदि की व्यवस्था की गई है। सुविधायुक्त भवन तथा फर्नीचर की भी समुचित व्यवस्था स्थानीय मदों से की गई है।

इन केन्द्रों पर जिला रोजगार कार्यालय तथा कौशल विकास केन्द्रों के सहयोग से काउंसलर नियुक्त किये जायेंगें, जो युवाओं को रोजगार तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देंगे। इसके साथ ही इन केन्द्रों पर जिले में कार्यरत राज्य सेवा तथा भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारीगण भी समय-समय पर अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन युवाओं को प्रदान करेंगे। युवा केन्द्र में परिचर्चा कक्ष, इन्टरनेट सुविधा युक्त पांच कम्प्यूटर सिस्टम, फोटोकॉपी मशीन तथा प्रिन्टर भी उपलब्ध है। प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार संबंधी फार्म व अन्य आवश्यक जानकारी के प्रदर्शन हेतु सूचना-पटल की भी समुचित व्यवस्था की गई है। उक्त अधोसंरचना विकास हेतु जिले में उपलब्ध संसाधनों से व्यवस्था की गई है। युवाओं को शिक्षा तथा रोजगार की बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना छत्तीसगढ़ सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री युवा केन्द्रों में विविध प्रतियोगी परीक्षाएं यथा-पटवारी, पुलिस भर्ती, सैनिक भर्ती, नर्सिंग, वन मण्डल भर्ती इत्यादि के साथ-साथ राज्य स्तरीय व्यापम परीक्षाएं, एस.एस.सी., बैंकिंग, रेल्वे तथा छ.ग. राज्य सेवा परीक्षा से संबंधित मार्गदर्शन का लाभ जिले के युवाओं को प्राप्त होगा।

# हॉस्टल तथा आवासीय संस्थाओं की करें जांच-कलेक्टर

» कलेक्टर सिंह ने ली समय-सीमा की बैठक



**रायगढ़।** सभी आवासीय शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक संस्थाओं विशेषकर जहां बालिका एवं महिलायें रह रही है उसका नियमित निरीक्षण करें। हॉस्टल संचालन के लिए अनुमति ली गई है अथवा नहीं इसके साथ ही वहां गाईड लाईन्स के पालन की जांच करें। किसी भी प्रकार की कमी अथवा अनियमितता मिलने पर सख्त कार्यवाही करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह समय-सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहर के विभिन्न स्कूलों तथा अन्य संस्थाओं द्वारा आवासीय परिसर संचालित किए जा रहे है। जिसकी नियमित रूप से जांच की जाए। कलेक्टर सिंह ने इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग तथा सहायक आयुक्त को निरीक्षण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत पंजीयन की विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने पंजीयन की धीमी रफ्तार पर नाराजगी जताते हुए अगले दस दिनों में गिरदावरी के अनुसार किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने गिरदावरी के फिल्ड लेवल कार्य को पूरा करते हुए उसकी ऑनलाईन एन्ट्री भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर योजना के तहत पंजीयन का कार्य भी साथ-साथ जारी रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सस्ती दवा दुकान के लिए दुकानों के चिन्हांकन के साथ निविदा प्रक्रिया जल्द पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक सेवा केन्द्रों तथा सीएम जनचौपाल तथा पीजीएन पोर्टल के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण पूरा करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कोविड टीकाकरण को बढ़ाने तथा लगातार मॉस्क जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**जिला अस्पताल भवन के लिए तैयार करें प्रस्ताव** - कलेक्टर सिंह ने बैठक में रायगढ़ किरोड़ीमल शासकीय जिला अस्पताल में रिपेयरिंग तथा मेन्टेंनेस कार्य जल्द पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने पीडब्लयूडी विभाग द्वारा किए गए हॉस्पिटल भवन के निरीक्षण के आधार पर अस्पताल के लिए नये भवन का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के उन्नयन के लिए मानव संसाधन उपकरणों की खरीदी तथा भवन व संरचनात्मक निर्माण वाले कार्यों के प्रगति की जानकारी ली। बताया गया कि निर्माण कार्यों के लिए निविदा जारी की गई है। मानव संसाधन हेतु भर्ती प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। कलेक्टर सिंह ने जल्द सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाट-बाजार क्लीनिक संचालन की भी समीक्षा की।

# मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाईन एप जारी

## एक एप के जरिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, स्वीप, एनव्हीएसपी, मतदाता सर्च और शिकायत पोर्टल का किया जा सकेगा उपयोग




**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाईन एप जारी किया गया है। कोई भी मतदाता निर्वाचन से संबंधित व्यक्तिगत जानकारी ले सकते है। वहीं संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया को भलीभांति समझ सकते है। मतदाता एंड्रायड फोन पर प्ले स्टोर से वोटर हेल्प लाईन एप को डाउनलोड कर सकते है। यह आनलाईन माध्यम इतना आसान और विश्वसनीय है कि मतदाता को कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है। इस एप के माध्यम से मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, स्वीप, एनव्हीएसपी, मतदाता सर्च और शिकायत पोर्टल का उपयोग कर सकते है। इस एप के जरिए ईपिक नंबर के जरिए निर्वाचन से जुड़ी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह मोबाइल एप गुगल प्ले स्टोर में जाकर वोटर हेल्प लाईन (Voter Helpline) टाईप कर प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड कर सकते है। इसके अतिरिक्त https: //play. google. com/ store/ apps/details?id=com. eci.citizen&hl=en इस लिंक को क्लिक करके भी एप को डाउनलोड किया जा सकता है।

**एप की खासियत** - मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए निबंधन करा सकते है। नया वोटर कार्ड बनाने के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा भी है। आयोग की वेबसाइट के जरिए कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची में अपना नाम के अलावा भाग संख्या तथा क्रमांक संख्या भी देख सकते है। विधानसभा क्षेत्र के बदलाव, एक ही विधानसभा क्षेत्र में बूथ में बदलाव, मतदाता सूची की गड़बड़ी अगर हो तो सुधार के लिए आवेदन दिए जा सकते है। इसके लिए अलग-अलग फार्मेट का इस्तेमाल करना होगा। विदेशों में रह रहे एनआरआई भी मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। एनव्हीएसपी से जुड़े सभी आवेदन, अधिसूचना और स्टेट्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी ले सकते है। निर्वाचन प्रक्रिया की बेहतर समझ के लिए सवाल पूछने का भी विकल्प है।

# रागी ने दी लैलूंगा विकासखंड को नई पहचान



**रायगढ़।** देश के विभिन्न राज्यों में उगाए जाने वाली रागी राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में मूलतः मडिया के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हैं। पीढ़ियों से रागी आदिवासी इलाकों में निवासरत लोगों का एक प्रमुख खाद्यान्न हुआ करता था। किन्तु समय के साथ इसके उपभोग में कमी आने लगी, लेकिन आज शासन-प्रशासन की योजनाओं से रागी की खेती को पुनर्जीवन मिल रहा है। राज्य शासन द्वारा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत अन्य फसलों को प्रोत्साहन देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे रागी का रकबा बढ़ रहा है। रायगढ़ में भी रागी के रकबे में विस्तार हुआ है। जिले के लैलूगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, तमनार एवं खरसिया जैसे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में कई पीढ़ियों से रागी की खेती करते रहे है। यही कारण है कि फसल के उत्पादन और विशेषता से अनभिज्ञ नही थे। लेकिन बाजार में उचित मांग और मूल्य नही होने से इसका रकबा सीमित हो चुका था। किन्तु आज शासन-प्रशासन से मिले प्रोत्साहन से जिले में खरीफ 2021-22 में लगभग 1680 हेक्टेयर में रागी की फसल ली जा रही है। जिसमें से एक तिहाई से अधिक रकबा सिर्फ लैलूंगा विकासखण्ड में है। यहां पिछले खरीफ वर्ष में रागी की पैदावार नगण्य रही। वहीं इस खरीफ वर्ष में लैलूंगा में किसान 609 हेक्टेयर में रागी की फसल ले रहे है। इससे लैलूंगा को आज रागी विकासखण्ड की एक नई पहचान मिल रही है।

पौष्टिक और खुबियों से भरी रागी सुपोषण की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि कलेक्टर सिंह के निर्देशन में रायगढ़ जिले में रागी के फसल को प्रोत्साहन देने के साथ आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से रागी को बच्चों की खुराक में शामिल किया गया है। रागी के उत्पादन को बढ़ावा देने 2020-21 में 590 हेक्टेयर का लक्ष्य प्रस्तावित कर शत-प्रतिशत पूर्ति की गई। खरीफ वर्ष 2021 में रकबे में विस्तार करते हुए रायगढ़ जिले में कुल 1680 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों द्वारा रागी की फसल उत्पादन किया जाना प्रस्तावित है। जिले के विकासखंड लैलूंगा में रबी वर्ष 2020-21 में 57 हेक्टेयर क्षेत्र में कृषकों द्वारा रागी का फसल लिया गया था। जिससे किसानों को 27 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रागी फसल का उत्पादन मिला था। खरीफ वर्ष 2021 में 609 हेक्टयर में कृषकों द्वारा रागी की फसल लिया गया है। कलेक्टर सिंह द्वारा जिले में कृषकों को फसल प्रोत्साहन के लिए समर्थन मूल्य के अतिरिक्त प्रति क्विंटल 1100 रूपए अधिक में क्रय करने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों से रागी की फसल सीधे आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए उपलब्ध करायी जा रही है। जिले में खरीफ वर्ष 2021-22 में डीएमएफ मद से 1680 हेक्टयर क्षेत्र के लिए 200 क्विंटल रागी बीज का भंडारण करवाया गया है। फसल का समर्थन मूल्य से अधिक राशि मे क्रय किए जाने से खरीफ वर्ष 2021-22 में कृषकों द्वारा नगद रागी बीज क्रय कर फसल लेने के लिए उत्साहित है। समर्थन मूल्य से 1100 रूपए प्रति क्विंटल से अधिक 4500 रूपए प्रति क्विंटल में जिले से कुल 39 क्विंटल रागी 01 लाख 75 हजार रूपए मूल्य का महिला बाल विकास रायगढ़ को विक्रय किया गया। रागी से लड्डू बनाने के जिले के एसएचजी के सदस्यों को उड़िसा के एक्सपर्ट टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया है। शेष उत्पादित रागी को कृषक द्वारा स्वयं से 50-55 रूपए प्रति किलो के हिसाब से बाहरी व्यापारियों को बेचा गया। बाजार में अच्छी मांग से किसानों को रागी का अच्छा मूल्य मिल रहा है। जिससे उन्हे आर्थिक लाभ हुआ है और जिले के किसान उत्साहित है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480